तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, जुलाई 23, 2025

12 जिला योजनाकार विभाग ने राजमार्ग पर बनाए दो होटल गिराए



12 लुवास और तंजानिया की सोकोइन यूनिवर्सिटी...



## खबर संक्षेप

### कमेटी के नाम पर 5.5 लाख की धोखाधड़ी

**हांसी।** धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान शहर थाना पुलिस ने कमेटी चलाने के नाम पर 5,50,000 रुपये की धोखाधड़ी मामले में रुपनगर कॉलोनी निवासी आरोपी महिला राज रानी को मामले की जांच में शामिल किया गया। जांच अधिकारी एएसआई शिव कुमार ने बताया जांच में शामिल की गई महिला ने वर्ष 2024 में प्रेम नगर निवासी इन्द्र से कमेटी चलाने के नाम पर 5,50,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए गोल कोठी निवासी राकेश को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई सम्मत कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रेम नगर गांव के पास एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार मौके पर पहुंच राकेश को 27500 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शहर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### खेदड में मनाया राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस

**बरवाला।** गांव खेदड़ में स्थित डीएवी आरजीटीपीपी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस अत्यंत उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से परिचित कराया गया। विद्यालय में विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नर्सरी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज अंगीकृत गतिविधि में भाग लिया। किंडरगार्टन कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने मन की रचनात्मकता द्वारा तिरंगे रंगों से राष्ट्रीय ध्वज को सजाया।

### निगम ने चलाया बेसहारा पशुओं का पकड़ने का अभियान

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा प्रेम नगर, सेक्टर 14, पीएलए, ग्रोवर मार्केट व रामपुरा मोहल्ला के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

# खोखे मेरे हैं और अगर किसी में हिम्मत है तो इन खोखों को हटवाकर दिखाए

# खोखा हटाने गई तहबाजारी टीम को निगम के ही रिटायर्ड कर्मचारी ने धमकाया

## तहबाजारी टीम ने निगमायुक्त को भेजी शिकायत, कार्रवाई की मांग

- निगम के हाजिरी शेड में रखा मिला सामान, निगम कर्मचारियों की भूमिका पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मिलगेट क्षेत्र में सरकारी जमीन से अवैध रूप से रखे गए खोखे को हटाने गई नगर निगम की तहबाजारी टीम को निगम के ही रिटायर्ड कर्मचारी जमकर दादागिरी दिखाई और खोखे के हाथ लगाने पर गाली-गलौच किया और देखे लेने की धमकी दी। आरोप है कि रिटायर्ड कर्मचारी खोखे लगवाकर लोगों से अवैध वसूली भी करता है। फिलहाल तहबाजारी टीम ने मामले को उच्चाधिकारियों के नोटिस में डाल दिया है। इसके अलावा निगम टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मिल गेट रोड डीसीएम मिल के सामने बने हाजिरी शेड में रखे अवैध सामान को जब्त किया गया। सूत्र बताते हैं कि हाजिरी शेड में अवैध रूप से सामान रखने के मामले में रिटायर्ड कर्मचारी तथा एक वर्तमान कर्मचारी की मिलीभगत है। हाजिरी शेड में किसी दुकानदार का सामान मिलने पर निगम कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगा है।



**हिसार।** निगम कर्मचारियों के लिए बनाए गए हाजिरी शेड में रखा अवैध सामान।

### रिटायर्ड कर्मचारी पर अवैध कब्जे का आरोप

निगमायुक्त को दी शिकायत में बताया गया कि तहबाजारी टीम द्वारा डीसीएम मिलगेट के सामने जिन्दल पार्क के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारी प्रेम कुमार द्वारा अवैध रूप से दादागिरी के आधार पर अन्य लोगों के खोखे रखवा रखे है। आरोप है कि उनसे प्रेम कुमार द्वारा कथित रूप से अवैध वसूली की करता है। तहबाजारी टीम द्वारा जब इन खोखों पर काम कर रहे व्यक्तियों को खोखे हटवाने बारे कहा गया तब प्रेम कुमार वहां आकर कहने लगा कि ये खोखे मेरे है और इनको न हटाओं। जब तहबाजारी टीम के कर्मधारी द्वारा कहा कि यह उच्च अधिकारियों के आदेशों पर तथा शिकायतों के निवारण के लिए अस्थाई अवैध अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। इस पर प्रेम ने कहा कि यह खोखे मेरे हैं और अगर किसी में हिम्मत है तो इन खोखों को हटवाकर दिखाए।

### तेरे खोखा खात्तर, हाम अपणी नौकरी खोदां

तहबाजारी के कर्मचारियों ने तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा से बात करने को कहा तो उन्होंने सुरेन्द्र शर्मा को भी धमकाते हुए यह कहा कि खोखा हटवाना है तो यहां आकर दिखा। फिर मैं तुझको देखता हूं और जान से मारने की धमकी भी दी। पूरे मामले की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी तहबाजारी टीम के पास है। रिकॉर्डिंग में तहबाजारी इंचार्ज उसे बार-बार खोखा हटाने की बात कहते हैं और वह टालमटोल करता सुनाई देता है तो कभी सोमवार को हटाने की हां भरता है। तहबाजारी इंचार्ज कहते हैं कि तेरे खोखा खात्तर, हाम अपणी नौकरी खोदां। इसके बाद प्रेम इंचार्ज के साथ ही गाली-गलौच करने लगता है और धमकी देने लगता है।

### निगमायुक्त को दी शिकायत

इस मामले में निगमायुक्त को दी शिकायत में तहबाजारी टीम ने रिटायर्ड निगम कर्मी प्रेम कुमार के खिलाफ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अवैध कब्जा करवाने, उनसे अवैध बसूली करने तथा तहबाजारी टीम के कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने व धमकाने तथा तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा को जान से मारने की धमकी देने में सरकारी कार्य में बाधा डालने के एवज में विभागीय कार्रवाई तथा पुलिस कार्रवाई करने की मांग की है।

### अतिक्रमण करने वालों पर चलाया अभियान

तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरूआत ऑटो मार्केट फेस-3 से अतिक्रमण हटाकर की। इसके साथ ही टीम ने पुरानी सब्जी मंडी चौक व पुरानी सब्जी मंडी चौक से मुल्तानी चौक तक अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद मुल्तानी चौक से जहाजपुल चौक तक से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने मिल गेट रोड डीसीएम मिल के सामने बने हाजिरी शेड में रखे अवैध सामान को जब्त किया गया। सूत्र बताते हैं कि हाजिरी शेड में अवैध रूप से सामान रखने के मामले में रिटायर्ड कर्मचारी तथा एक वर्तमान कर्मचारी की मिलीभगत है। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

## डीसी ने जिला में सीईटी प्रबंधों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# करीब 1 लाख 16 हजार परीक्षार्थी अन्य जिलों से हिसार देने आएंगे सीईटी परीक्षा

परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी गंभीरता दिखाएं : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की दिशा में सभी संबंधित विभाग समय रहते अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें। सीईटी प्रबंधों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी गंभीरता दिखाएं। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 26 व 27 जुलाई को होने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षक व अन्य विभागों के अधिकारियों को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने हेल्प डेस्क स्थापित करने और परीक्षा केंद्र तक समय पर परीक्षार्थियों को पहुंचने के लिए संबंधित व्यवस्थाओं को भी पूरा करने के निर्देश दिए हैं। हिसार जिले से लगभग 1 लाख 16 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने अन्य जिलों में जाएंगे। इनके लिए 800 से अधिक बसों की व्यवस्था कर ली गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों से हिसार में परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों तक शटल बस सेवा की सुविधा दी जाएगी ताकि उन्हें कोई दिक्कत न हो। यह व्यवस्था दो दिनों में चार शिफ्टों की सीईटी परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक समय पर पहुचांने के लिए रूट बनाकर शटल सुविधा का प्रबंध भी किया गया है। उपायुक्त अनीश यादव ने आमजन से भी अपील की है कि परीक्षा के दिन अनावश्यक कार्यों के लिए कम से कम सफर करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व सरकार नकल रहित निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षाएं करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को कोई व्यवधान न हो इसके लिए प्रशासनिक टीम सक्रिय रूप से सहयोगी रहेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन राहुल मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए समय रहते सभी प्रबंध करें सुनिश्चित

### 1558 दिव्यांग अभ्यार्थियों को किया चिन्हित

*बाहर से आने वाले परीक्षार्थी के लिए रात्रि ठहराव की व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। जिले में लगभग 1558 दिव्यांग अभ्यार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिनके लिए उचित व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा के दिन शनिवार व रविवार को किसी भी अधिकारी व कर्मचारी का अवकाश नहीं रहेगा और सभी स्टेशन मेंटेन रखेंगे।*

### सीईटी परीक्षा : हिसार व हांसी में सूचना हेल्प डेस्क स्थापित

**हिसार।** सीईटी परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों/यात्रियों की सुविधा के लिए 27 जुलाई तक हिसार और हांसी बस स्टैंड पर सूचना/हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इन डेस्कों पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों के माध्यम से परीक्षार्थियों/यात्रियों को बसों के संचालन, रूट, समय सारणी, ठहराव और अन्य आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हिसार बस स्टैंड के लिए दूरभाष नंबर 01662-233285 तथा हांसी बस स्टैंड के लिए पूछताछ दूरभाष नंबर 01663-254081 पर संपर्क किया जा सकता है। रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने बताया कि हिसार बस स्टैंड पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी सुबह 3 बजे से दोपहर 12 बजे तक अजीत सिंह (मो.नं. 8059756208) और मनोज कुमार (मो.नं. 8168101813) रहेंगे, जबकि दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक सुधीर (मो.नं. 9466205039) और प्रदीप कुमार (मो.नं. 9812576342) परीक्षार्थियों/यात्रियों की सहायता के लिए उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार हांसी बस स्टैंड पर सूचना डेस्क ड्यूटी पर तैनातअधिकारी/कर्मचारी सुबह 3 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंजीत सिंह (मो.नं. 9812358177) और राममेहर सिंह (मो.नं. 9812025512) परीक्षार्थियों/यात्रियों को सहयोग देंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक रमेश (मो.नं. 9416919761) तथा जय भगवान (मो.नं. 9813314292) को भी सहयोग के लिए तैनात किया गया है।

# हिसार के बहादुर नौसेना अफसर का अमेरिका में हुआ निधन

## कमांडर उप्पल नौसेना मेडल के शौर्य पदक से सम्मानित थे पहले हरियाणवी नौसेना अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पूर्व कमांडर भीम सैन उप्पल की फाइल फोटो।

हिसार के रहने वाले नौसेना मेडल तथा विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित भारतीय नौसेना के पूर्व कमांडर भीम सैन उप्पल (87) का गत दिवस (सोमवार) अमेरिका के वर्जिनिया शहर में निधन हो गया। व्यायाम करते समय गिरने से उनके मस्तिष्क में भीतरी चोट से रक्तस्त्राव हो गया था जिसका ऑपरेशन संभव नहीं था। वे अपने पीछे धर्मपत्नी किरण उप्पल व बेटे मनु उप्पल के परिवार को छोड़ गए हैं। कमांडर उप्पल हिसार के वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र उप्पल के बड़े भाई थे। पिछले वर्ष उनके द्वारा लिखित पुस्तक 'ए सेलर बाई प्रोविडेंस' (दैवयोग से एक नौसैनिक) का विमोचन दिल्ली में नौसेना के अधिकारियों ने किया था और पुस्तक की बड़ी श्लाघा की थी। कमांडर उप्पल हरियाणा के प्रथम नौसैनिक अफसर थे जिन्हें 1971 के भारत-पाक समुद्री युद्ध में वीरता के कारण नौसेना शौर्य मेडल सें सम्मानित किया गया था। जिस पनडुब्बी का वे नेतृत्व कर रहे थे उसने हमला करके पाकिस्तानी जहाजों को डुबोने का काम किया था और वे सकुशल अपनी टीम सहित लौट आए थे।

### हरियाणा सरकार भी कर चुकी सम्मानित

हरियाणा सरकार भी उन्हें नौसेना वीरता पुरस्कार के कारण प्रशस्ति पत्र तथा नकद राशि से सम्मानित कर चुकी है। 50 वर्ष से भी अधिक नौसेना में उल्लेखनीय सेवा देने वाले कमांडर उप्पल इंग्लैंड से भारत के लिए विक्रांत जहाज तथा रूस से भारत के लिए पनडूबियां लाने वाली टीम में शामिल थे। वे भारतीय पनडुबी सेवा के निदेशक के पद पर भी रहे हैं।

## 11वीं कक्षा की छात्रा का अपहरण करने की कोशिश, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**नारनौंद।** क्षेत्र के एक गांव में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 11वीं कक्षा की छात्रा का स्कूल में जाते समय कार में सवारों ने अपहरण करने की कोशिश की। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण सभी बदमाशों को मौके पर ही पकड़ कर लड़की को उनके चंगुल से छुड़वाया। पुलिस ने सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया व गाड़ी भी बरामद कर ली। नारनौंद क्षेत्र के एक गांव में सरकारी में पढ़ने वाली ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा सुबह स्कूल में जा रही थी। रास्ते में तीन युवकों ने जबरदस्ती से उसको गाड़ी में बैठाकर ले गए। ग्रामीणों ने गाड़ी का पीछा करके कुछ ही दूरी पर उनको पकड़ लिया। उनके कब्जे से लड़की को छुड़वाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में लड़की के पिता के बयान पर खरक पूनिया निवासी मोनू, अशोक, सुरेंद्र और एक लड़की के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इन आरोपियों में से एक युवक उसकी रिश्तेदारी में पड़ता है। पहले भी यह युवक लड़की का पीछा कर चुका हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटनास्थल पर सीन ऑफ फाइट क्राइम की टीम ने सबूत जुटाए।



**हिसार।** सेक्टर 33 की सड़क पर फैला कचरा।

### सेक्टर 33 की सड़कों पर लगे कचरे के ढेर : पानू

**हिसार।** रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी सेक्टर 33 के प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया सेक्टरों में 3 साल से सफाई के टेंडर खत्म हो चुके हैं। इसके बावजूद बार-बार प्रशासन से अनुरोध करने पर भी नए टेंडर नहीं लगाए गए। इसकी वजह से सेक्टरों की सफाई व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है। सेक्टरों की सड़कों पर गंदगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि पशुओं के मल मूत्र के कारण बुरा हाल है। कई जगह तो निकलना भी दुभर हो गया है जिसके कारण बीमारी फैलने का लोगों में भय बना हुआ है। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया पॉश इलाकों का सफाई के मामले में अवैध कॉलोनियो से भी बुरा हाल है। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से तत्काल टेंडर प्रक्रिया शुरू कर सफाई व्यवस्था को सुचारू करने की मांग की। पानू ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया गया तो सेक्टरवासी धरना-प्रदर्शन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने एचएसवीपी के उच्चाधिकारियों से मांग की कि समय रहते समस्या का जल्द समाधान करवाएं।

## सावन शिवरात्रि पर भगवान शिव व माता पार्वती की सुन्दर झांकियां दिखेंगी : गर्ग

# शिवालय मंदिर में शिव भक्त आज चढ़ाएंगे कांवड़ व जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बाबा प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में सावन शिवरात्रि का भव्य मेला लगा हुआ है और मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया हुआ है। इसमें शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षक संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने भगवान शिव भोले जी के शिवलिंग पर जल चढ़कर पूजा-पाठ करने के उपरांत उपस्थित धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों भक्तों ने शिवालय मंदिर में भगवान शिव भोले जी को जल चढ़कर पूजा की और मंदिर में भव्य भजन समारोह का आयोजन किया गया।

बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मंदिर में 23 जुलाई को सुबह से ही भगवान शिव भोले जी को शिव भक्तों द्वारा कावड़ व जल चढ़ाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मंदिर में आने-जाने वाले भक्तों के लिए खाने व ठहरने की व्यवस्था की गई है। शिवालय मंदिर में सावन शिवरात्रि पर भगवान शिव भोले जी व माता पार्वती की सुन्दर-सुन्दर झांकियां प्रस्तुत कि जाएगी। बुधवार सुबह से ही चाय, पकौड़े, हलवा, जलेबी, गुलाब जामुन, पाव-भाजी, फल-फ्रूट का प्रसाद प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, संरक्षक नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, जगत नारायण, रमेश लोहिया, प्रवीण जैन आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** पूजन करते शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि



### होली फील्ड स्कूल में मनाया शिवरात्रि महोत्सव

**नारनौंद।** होली फील्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद में शिवरात्रि महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर छात्रों ने भोलेनाथ और माता पार्वती की वेशभूषा धारण कर उत्सव को भक्ति और रंगों से भर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल जगत वत्स ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की महिमा के गुणगान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने शिव भक्ति से सराबोर सुंदर नृत्य और प्रस्तुतियां दीं। छात्रों की भाव-भंगिमा, संगीत के साथ समर्पण और श्रद्धा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट दिनेश मोर ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि शिवरात्रि का पर्व हमें संयम, त्याग और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। स्कूली छात्र रिया, वर्णिका, दिव्या, स्नेहा, तृषा ने "लागी लगन शंकरा" पर नृत्य प्रस्तुत किया।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

## हॉलीवुड मसाला





# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं।



अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली बैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप

### बाबा महाकाल का स्वरूप देखकर अभिभूत हुए भक्त

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में बाबा महाकाल का फूलों के रंगों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस स्वरूप श्रृंगार को देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। भक्तों ने महाकाल के समक्ष शीश नवाकर और आराधना करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान पूरा बीड़ बबरान धाम जय महाकाल और श्याम बाबा की जय के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बाबा महाकाल का श्रृंगार जिन रंगों से किया गया है, वे सभी रंग फूलों से तैयार किए गए हैं। इनमें किसी तरह का कोई केमिकल नहीं मिलाया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की बीड़ बबरान धाम के प्रति विशेष आस्था है। इसलिए यहां विशेष अवसरों पर विभिन्न क्षेत्रों से हजारों भक्तगण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 23 जुलाई को शिवरात्रि के दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा।

### जेआईएम में पहले बैच के लिए प्रवेश शुरू

**हिसार।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने सोनीपत स्थित मास्टर अतुल सरकारी आईटीआई में अपने नव-स्थापित जापान-इंडिया इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग (जेआईएम) में पहले बैच के लिए प्रवेश शुरू कर दी हैं। जेआईएम सोनीपत के पहले बैच में चार ट्रेडों मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी), मशीनिस्ट, वेल्डर और फिटर में 100 से अधिक छात्र प्रवेश ले सकेंगे। पहला सत्र सितंबर 2025 में शुरू होगा। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफेयर्स राहुल भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी ने जेआईएम सोनीपत की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है।

### एसपी ने किया शहर थाने का निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने शहर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया जिसमें रिकॉर्ड रूम, मालखाना, साइबर डेस्क, महिला सहायता डेस्क, शस्त्रागार, कंप्यूटर कक्ष एवं वायरलेस कक्ष शामिल रहे। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, नशा नियंत्रण और ट्रैफिक जैसी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने चोरी, सार्वजनिक स्थानों व गाड़ियों में शराब पीने की घटनाओं, नागौरी गेट व मदान कुल्फी के पास ट्रैफिक जाम तथा अंबेडकर बस्ती में नशा तस्करी जैसे मुद्दे उठाए।

## उद्यमिता पर एमआईसी-एआईसीटीई का संयुक्त डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

# नवाचार कोई विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता बना : प्रो. छोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में नवाचार और उद्यमिता पर एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी-आईई) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय की नवाचार इकाई (एमआईसी) और एआईसीटीई द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित है। इस एफडीपी का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को नवाचार और उद्यमशीलता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है, जिससे वे अपने संस्थानों में नवाचार समर्थक वातावरण तैयार कर सकें। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर ने अपने सम्बोधन में एमआईसी, एआईसीटीई और आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम



**हिसार।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता परमजीत सिंह को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रो. विनोद छोकर।

ऐसे समय में जी रहे हैं जहां नवाचार कोई विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे एफडीपी कार्यक्रम शिक्षकों को नवाचार आधारित सोच विकसित करने और सामाजिक-पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें खुद से पूछना चाहिए—क्या हम विद्यार्थियों को सिर्फ नौकरियों के लिए तैयार कर रहे हैं या भविष्य की समस्याओं को सुलझाने के लिए भी? उन्होंने कहा कि यह एफडीपी पुनः सीखने और नवाचार की नई दृष्टि विकसित करने का एक अवसर है।

### केवल दो प्रतिशत छात्र ही पाते हैं सरकारी नौकरी : सिंह

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रीजनल सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, चंडीगढ़ निदेशक परमजीत सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को वास्तविक अनुभवों और प्रेरक कहानियों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि छात्र पूछेंगे, क्या आप खुद उद्यमी हैं? यदि हम उन्हें सही मार्गदर्शन देना चाहते हैं, तो पहले हमें स्वयं उद्यमशीलता की आत्मा को समझना होगा। उन्होंने बताया कि आज के छात्रों की पांच प्रमुख आकांक्षाएं हैं, सरकारी नौकरी, निजी नौकरी, स्वरोजगार, उच्च शिक्षा और विदेश जाना—लेकिन इन लक्ष्यों को पाने की स्पष्टता का अभाव है। उन्होंने कहा कि केवल दो प्रतिशत छात्र ही सरकारी नौकरी पाते हैं और बहुत से विदेश जाने वाले छात्र अकुशल या अर्ध-कुशल कार्यों में लगते हैं।

### छात्रों की सोच को राष्ट्रीय पहलों से जोड़ने का आह्वान

उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्रों की सोच को 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'स्टैंडअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी राष्ट्रीय पहलों से जोड़ें। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा 18.5 लाख रुपये की सब्सिडी स्वरोजगार के लिए दी जाती है। एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने अपने स्वागत सम्बोधन दिया। एचएसबी के डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल ने एफडीपी के व्यापक संदर्भ पर प्रकाश डाला।



**आदमपुर।** हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुंचे कावड़िए।

## कांवड़ियों के लिए लगाए गए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

हरिद्वार से कावड़ लेने लेकर आने वाले कावड़ियों के लिए व्यापार मंडल धर्मशाला में शिव कावड़ समिति द्वारा तथा उत्सव गार्डन में जवाहर नगर समिति द्वारा एवं कोहली, कालीरावण, सीसवाल,काबरेल में भंडारे का आयोजन किया गया। कावड़ियों के लिए मेडिकल कैंप भी लगाए गए। कैंप में डॉ. मनीष छिपा तथा भंडारे में समाजसेवी कुमार कृष्ण बंसल, विनोद भगत, जावेद, रामकिशन, सुरेश गोयल, वेदप्रकाश व अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके अतिरिक्त इसके भजन, जागरण व कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें कावड़ियों ने नाच गाकर बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

### दयालु योजना जरूरतमंदों को दे रही है संबल : एडीसी

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए चलाई जा रही दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना ऐसे परिवारों के लिए है जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है और जिनके किसी सदस्य की आकस्मिक या प्राकृतिक मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता हो जाती है। उन्होंने बताया कि 6 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष तक की आयु वाले व्यक्ति की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में यह सहायता परिवार को दी जाती है। योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि एक लाख से लेकर पांच लाख रुपये तक हो सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने पात्र परिवारों से आग्रह किया कि वे योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

## विवेकानंद सदन के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

- एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में स्पेस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मंगलवार स्पेस पर आधारित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छठी से आठवीं कक्षा तक के गार्गी सदन, सरोजिनी सदन, विवेकानंद सदन व सुभाष सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन के विद्यार्थी कक्षा छठी से



**हांसी।** स्पेस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

प्रियांशी, सातवीं से कनिका, आठवीं से गरिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान अध्यापिका रजनी यादव व महक के नेतृत्व में किया गया। प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के अवसर प्रदान करती है व आकर्षक तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करती है। प्रतियोगिता के आयोजन पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल आदि रहे।

## जांगिड़ सुथार समाज का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित

- विश्व चैंपियन संदीप आर्य समेत 11 का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रेड स्कवयेर मार्केट स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में जांगिड़ सुथार समाज का वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में संदीप आर्य (जांगड़ा) विश्व चैंपियन के अलावा 11 अन्य प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रधान उदय सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में




**हिसार।** विश्व चैंपियन संदीप आर्य को सम्मानित करते समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति।

किया गया। इस मौके पर जांगिड़ सुथार शिक्षा समिति के प्रधान प्रताप सिंह जांगड़ा, सचिव ब्रह्म प्रकाश जांगड़ा, महासचिव अमी लाल जांगड़ा, पूर्व प्रधान राम तीरथ सुथार, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान धर्मसिंह, कार्यकारी प्रधान वेद प्रकाश मिर्जापुर, कैशियर डॉक्टर सुखबीर जांगड़ा, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर प्रभु दयाल, हरियाणा रोडवेज के ट्रैफिक मैनेजर सुरेंद्र जांगड़ा, सत्य कुमार बाड़्यां, डॉ. कुलवंत जांगड़ा, मेवासिंह धामू, हनुमान सिंह जाखोद खेड़ा, यूको बैंक के पूर्व प्रबंधक बलवंत सिंह जांगड़ा, रमेश जांगड़ा बाड़्यां, अग्रोहा ब्लॉक के प्रधान रणसिंह जांगड़ा, आजाद नगर के प्रधान कृष्ण कुमार जांगड़ा, जिला जांगिड़ सभा की समस्त जिला कार्यकारिणी व जिला हिसार के सभी ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्यों व विश्वकर्मा धर्मशाला के सभी ट्रस्टी सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन विनीत जांगड़ा व डॉक्टर सुखवीर जांगड़ा ने किया।

## पुलिस पर हमला करने वालों पर हो कार्रवाई

- हरियाणा पुलिस संगठन व अन्य जनसंगठनों ने क्रांतिमान पार्क में की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा पुलिस संगठन (एसोसिएशन) की बैठक मंगलवार को क्रांतिमान पार्क में हुई। बैठक में हिसार रेंज के सभी जिलों सिरसा, फतेहाबाद, जींद, हांसी व हिसार से पदाधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा अन्य सामाजिक व कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे। बैठक



**हिसार।** क्रांतिमान पार्क में बैठक करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

की अध्यक्षता हरियाणा पुलिस संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा की। स्याहड़वा ने बताया कि बीती 7 जुलाई को 12 क्वार्टर क्षेत्र में अपनी ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मचारियों पर अपराधिक तत्वों ने जान से मारने की नीयत से गंडासी, लाठी-डंडे व ईंट-पत्थरों से हमला कर चोटें पहुंचाई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना से पुलिस का कोई लेना-देना नहीं था। इसके बावजूद सरकार ने सारी हकीकत जानते हुए बिना किसी जांच के राजनीतिक दबाव में घटना के 10 दिन बाद पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया, जो कतई न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमला करने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो 24 जुलाई को सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी, पुलिस कर्मचारियों के परिजन और विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेंगे।

## एसडीएम ने रामायण गांव में पौधरोपण कर किया अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- गांव में सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे 200 पौधे
- सरपंच व ग्राम सचिव की देख-रेख में लगाए जाएंगे पौधे : खोथ

उपमंडल के रामायण गांव की हरियाली बढ़ाने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर मंगलवार को एसडीएम राजेश खोथ तथा गांव के सरपंच अनिल कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान चलाया गया।एसडीएम खोथ ने गांव में पौधा रोपण कर ग्राम स्तरीय पौधरोपण अभियान का आगाज किया। गांव को हरा भरा बनाने के उद्देश्य को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में गांव के अनेक लोगों ने शामिल होकर पौधे रोपित किए। ग्राम पंचायत की मांग पर वन विभाग द्वारा गांव को 200 पौधे उपलब्ध करवाए गए। एसडीएम ने सरपंच तथा ग्राम सचिव से कहा कि वह अपनी देखरेख में इन पौधों को गांव के सार्वजनिक स्थलों पर रोपित करवाए। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधे उपलब्ध करवाते हुए अपील कि वह जो भी पौधा लगाए उसकी देखभाल अवश्य करें। पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। यह हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं। पेड़ों से हमें फल-फूल लकड़ी, औषधि इत्यादि सामान भी मिलता हैं।

## राज्य स्तरीय बेसबाल चैंपियनशिप में हिसार का शानदार प्रदर्शन

- लड़कों की टीम ने रजत व लड़कियों की टीम ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

कैथल जिले के गांव पिरथला में आयोजित 38वीं राज्यस्तरीय वरिष्ठ बेसबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप में हिसार के लड़के व लड़कियों ने भाग लिया तथा लड़कों की टीम रजत व लड़कियों की टीम ने कांस्य पदक जीता। योगी स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच



**हांसी।** बेसबाल प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता खिलाड़ी मोहित का स्वागत करते स्कूल प्रिंसिपल मनधेर सिंह व अन्य। फोटो :हरिभूमि

नरेंद्र लाडवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों की टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि योगी स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी मोहित ने हिसार की टीम में बतौर खिलाड़ी भाग लिया तथा प्रतियोगिता में लड़कों की टीम ने सिल्वर व लड़कियों की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पदक विजेता टीम के खिलाड़ी मोहित का गांव के स्कूल आदर्श हाई स्कूल, मोठ पहुंचने पर प्रिंसिपल मनधेर सिंह व एक्स सरपंच जतीन भयाना, सचिव संदीप कुमार, कोच सुरेन्द्र कुमार, कुरड़ाराम, रामकुमार, संत लाल, बलजीत, प्रवीण, डॉ. सुरेन्द्र, गोबिन्द, रवीना कोच आदि ने फूलों व नोटों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल मनधेर सिंह ने कहा कि वे परमात्मा से प्रार्थना करते है कि मोहित आने वाले समय में ओर अधिक मेहनत करके बेसबाल खेल में अपने गांव, जिले, राज्य व देश का नाम रोशन करें।

### हर व्यक्ति पौधरोपण अवश्य करें: कपूर सिंह



**हिसार।** नजदीकी गांव किरतान में मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब की ओर से संयुक्त रूप से पौधरोपण कियागया। इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि हर व्यक्ति पौधरोपण करे और उसकी देखभाल करे। पौधों में खाद इत्यादि डालकर पानी लगाए तथा पौधे जल्दी बड़े होंगे। छायादार और फलदार दोनों तरह के पौधे लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहाकि आज जिस तरह से पर्यावरण निरन्तर गर्म हो रहा है और ग्लोबल वार्मिंग अपना असर दिखा रहा है तो ऐसे में पौधे लगाकर हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं। हर व्यक्ति प्रकृति से जुड़े और अपने आने वाली पीढ़ी जीवन सुरक्षित बनाए। उन्होंने बताया कि पौधे लगाने के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे। उनसे पौधे लेकर रोपित किए जा सकते हैं। हर नागरिक का फर्ज है अपने घर या खेत में पौधारोपण जरूर करें। इस मौके पर प्रोमिल आर्य, भरत सिंह पुर्व सरपंच राजपाल पुनिया सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### बिना कागजात व मोडिफाइड साइलेंसर के तीन बाइकों का 61 हजार का किया चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए मंगलवार को रामायण टोल प्लाजा व नारनौद स्थित खांडा मोड़ पर बिना कागजात के दो बाइकों का 45 हजार रुपए व मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइक का 16 हजार रुपए का चालान कर इंपाउंड किया गया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनिल कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा रामायण टोल प्लाजा पर नियमित चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार को कागजात जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि मोटरसाइकिल पर नम्बर प्लेट भी नही लगा रखी थी, तथा चालक ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था और उसके पास मोटरसाइकिल से संबंधित एक भी कागजात नहीं था। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस दो मोटरसाइकिलों का 45 हजार रुपये का चालान कर दोनों बाइकों को इंपाउंड कर लिया। वहीं उन्होंने बताया कि नारनौद स्थित खांडा मोड़ पर जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइक का 16 हजार रुपये का चालान किया गया है।

## छात्राओं ने 'अनसुलझे प्रश्न' नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की नारी की व्यथा

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का समापन हुआ। यह 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के सहयोग से विद्यालय में लगाई गई। कार्यशाला के अंतिम दिन नाटक 'अनसुलझे प्रश्न' का मंचन विद्यालय प्रांगण में ही किया गया। कार्यक्रम में




**हिसार।** नाटक में प्रस्तुति देती राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा की छात्राएं।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्या सुमेधा ने सरस्वती मां के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक गणेश वंदना द्वारा नाटक की शुरुआत की। नाटक में छात्राओं ने नारी की कई व्यथाओं को अलग-अलग रूप से व्यक्त किया। नाटक में समाज के एक पहलू को रखकर बताया गया कि आज भी किसी पीड़ित नारी से वही सवाल पूछे जाते हैं क्यों कोई नहीं था साथ में, क्यों गई अकेली रात में, क्या मेकअप था, क्या गहने थे, क्या छोटे कपड़े पहने थे।

## नगर पालिका के करवाए गए विकास कार्यों में मिली थी शिकायत

# विकास कार्यों में धांधली की शिकायत पर लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों में कथित धांधली के लग रहे आरोपों के चलते उच्चाधिकारियों की टीम ने मंगलवार को नई बनाई गई मास्टिक रोड के पांच स्थानों से सेंपल लिए। इसके अलावा टीम ने अप्रोच रोड पर सौंदर्य करण का निरीक्षण किया, जहां तीन स्थानों पर खुदाई करवा कर निरीक्षण किया गया जिसमें पत्थर की बजाय अधिक मलबा मिला। इस दौरान जांच टीम ने बहुचर्चित महाराजा अग्रसेन द्वार का भी निरीक्षण किया, हालांकि वहां से



**उकलाना।** जांच करती शहरी निकाय मुख्यालय पंचकूला से आई टीम।

किसी तरह का सेंपल नहीं लिया गया है। उधर, जांच करने पहुंचे शहरी निकाय मुख्यालय पंचकूला से कार्यकारी अभियंता आनंद अग्रवाल ने कहा कि अभी दस्तावेजों की पूर्ण जांच करेंगे तभी इस विषय पर वह कुछ कह पाएंगे। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के पार्षद अरुण गोयल द्वारा शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल को शिकायत भेजते हुए नपा द्वारा शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों में धांधली बरतने के आरोप लगाए थे। शिकायत के आधार पर शहरी निकाय मुख्यालय पंचकूला से कार्यकारी अभियंता आनंद अग्रवाल एवं कनिष्ठ अभियंता अनूप जांच के लिए यहां पहुंचे। अग्रवाल ने पुरानी अनाज मंडी में बने मास्टिक रोड का निरीक्षण किया और पांच स्थानों से सैंपल भी लिए। बताया जाता है कि इस दौरान कई स्थानों पर तय मानकों के अनुरूप मास्टिक रोड की लेयर नहीं मिली। इसके अलावा सड़क का लेवल भी ठीक नहीं थी। इस दौरान अप्रोच रोड पर सौंदर्य करण का निरीक्षण किया जहां तीन स्थानों पर खुदाई करवा कर निरीक्षण किया गया जिसमें पत्थर की बजाय अधिक मलबा मिला। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिकायतकर्ता पार्षद अरुण गोयल ने कहा कि उम्मीद है की निष्पक्ष जांच होगी, अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो फिर से है मंत्री के समक्ष इस मुद्दे को रखेंगे।

## खबर संक्षेप



हिसार। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते सरपंच प्रतिनिधि रवि सिवाच।

### कालीरावण में तिरंगा दिवस धूमधाम से मनाया

**हिसार।** निकटवर्ती गांव कालीरावण के एन.पी.सी सेकेंडरी. स्कूल में मंगलवार को प्रातः तिरंगा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि रवि सिवाच ने बच्चों को तिरंगे की गरिमा व शिक्षा के प्रति निष्ठा से काम करने की नसीहत दी। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य अनूप सिंह, साधे सिवाच, बलबीर शर्मा, प्रेम सिवाच, अनिल उर्फ मुगली के अलावा स्कूल स्टॉफ, बच्चे, अभिभावक व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की कावंडियों की सेवा

**हिसार।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष भारत सोनी ने शिव भक्तों की अटूट आस्था और सेवा भावना का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न ठहराव स्थलों पर कांवड़ियों की सेवा की। भारत सोनी ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। हर वर्ष लाखों कांवड़िए भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर पैदल यात्रा करते हैं, और उनकी सेवा कर हम भी इस पुण्य के भागी बनते हैं। इस सेवा अभियान में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया।

### प्राचीन शनिदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

**हिसार।** प्राचीन श्रीशनिदेव मंदिर, नजदीक बालाजी अस्पताल का 69वां वार्षिकोत्सव 24 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता ने बताया कि इस दिन दोपहर 12 बजे से भंडारा चलाया जाएगा। रात्रि 9 बजे संकीर्तन किया जाएगा जिसमें टी सीरिज के गायकार नरेन्द्र कौशिक समचाना वाले, दिल्ली से सुमन पपीहा, फतेहाबाद से सन्नी सेठी शनिदेव का गुणगान करेंगे। तेजस्वी आर्ट ग्रुप द्वारा झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। 25 जुलाई को प्रातः 5 बजे छप्पन भोग एवं फल का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन आज

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से श्रावण मास में सामूहिक रुद्र पूजा एवं सत्संग का आयोजन बुधवार 23 जुलाई को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 14 स्थित आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर में सांय 5:15 बजे से किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि रुद्र पूजा के साथ विश्व शांति के लिए ॐ नमः शिवाय का जाप भी किया जाएगा। इस आयोजन के लिए बेंगलुरू आश्रम से ब्रह्मचारी अमृतानंद एंव वेद आगम (वैदिक विद्यालय) से प्रशिक्षित पंडित राधाकांत एवं पंडित प्रदीप तिवारी विशेष रूप से इस विशेष पूजा को करवाने पहुंचेंगे।

---

## होटल मालिक बोला, बिना नोटिस दिए ढहाया भवन

# योजनाकार विभाग ने राजमार्ग पर बने दो अवैध होटल गिराए

काफी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात, निर्माण हटाने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए सामान निकालने का भी नहीं दिया मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला योजनाकार विभाग ने हांसी हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर रीजेंट मैरिज पैलेस के समीप बिना अनुमति के बनाए गए दो होटलों को गिरा दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

जिला योजनाकार विभाग की टीम डीटीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में जेई गिरीश कुमार, फील्ड इन्वेस्टीगेटर सपना और पुलिस लाइन हांसी से एएसआई राकेश कुमार व हेड कॉन्स्टेबल सतीश कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मी मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे शेरे पंजाब और पवन होटल पर पहुंची। टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग की परिधि में बिना परमिशन के किए गए होटल के निर्माण को गिरा दिया। डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि राजमार्ग पर बनाए दोनों होटल बिना सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) स्वीकृति के संचालित किए जा रहे थे। इन्हें अवैध निर्माण को हटाने के लिए कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे लेकिन होटल मालिक द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर जिला योजनाकार विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है।



हांसी। जिला योजनाकार विभाग द्वारा गिराए गए होटल की बिल्डिंग से सामान निकालता होटल मालिक। फोटो : हरिभूमि

### सीएलयू के लिए कर रखा है आवेदन : होटल मालिक

होटल संचालक भागीरथ ने जिला योजनाकार अधिकारी द्वारा की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने सीएलयू के लिए आवेदन कर रखा है, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। भागीरथ ने बताया कि वे यहां 1990 से होटल चला रहे हैं और उनके होटल को तीसरी बार तोड़ा गया है। भागीरथ ने जिला योजनाकार विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि होटल को तोड़ने से पहले उन्हें किसी तरह की कोई पूर्व सूचना या नोटिस नहीं दिया गया और ना ही होटल के अंदर रखे सामान को बाहर निकालने का मौका दिया गया।

---

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में दाखिले के लिए दूसरी काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू

- छात्रों की सुविधा देने के लिए एडमिशन हेल्प डेक्स बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग ने पॉलिटेक्निक संस्थानों के विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्सेज के लिए विभिन्न संस्थाओं में दाखिले के लिए दूसरी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इस बार छात्रों ने पहली काउंसलिंग में एडमिशन के लिए जबरदस्त रुचि दिखाई है। छात्रों को सुविधा देने के लिए संस्थान में एडमिशन हेल्प डेक्स बनाई गई है। दसवीं पास छात्र के लिए दूसरी काउंसलिंग 23 जुलाई से 26 जुलाई चलेगी और सीट एलॉटमेंट रिजल्ट 28 जुलाई को आएगा व छात्रों को 29 जुलाई से 1 अगस्त के बीच जिस संस्थान में सीट अलॉट हुई है। वहां रिपोर्ट करके फीस व प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। इस प्रकार 12वीं के बाद पॉलीटेक्निक में दाखिला लेने के लिए 2 वर्ष लैटरल एंट्री कोर्स में सीट अलॉटमेंट 23 जुलाई को होगा व इसमें चयनित छात्रों को 24 से 28 जुलाई के बीच उपस्थित होकर फीस व दस्तावेज जमा करने होंगे।

### गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ का चुनाव 25 जुलाई को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया के तहत हर पद के लिए दो दो उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं।

मंगलवार को नामांकन वापसी के बाद चुनाव अधिकारी डॉ. राजेश ठाकुर ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी की। चुनाव 25 जुलाई को होना है। चुनाव अधिकारी डॉ. राजेश ठाकुर द्वारा उम्मीदवारों की सूची के अनुसार प्रधान पद के लिए इन्द्राज सिंह व चरणदास, उप प्रधान पद के लिए भारत भूषण व नेकीराम, महासचिव पद के लिए अनिल धनसोइया व राममेहर चुनाव मैदान में है।

## पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में मिला अज्ञात महिला का शव

- हाथ और कानों में पहन रखे हैं सोने के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

देपल गांव के समीप पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में एक मंगलवार दोपहर एक अधेड़ महिला का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में महिला के शव को देख लोगों ने तुरंत इसकी पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच महिला के शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। महिला की उम्र करीब 45 वर्ष के करीब बताई जा रही है।

खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। नहर में मिले मृतका ने हरे रंग का सूट पहना हुआ था और उसके दोनों हाथों में सोने के कंगन और कानों में सोने की बालियां थीं, जिससे पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद नहर में महिला का शव होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर बाहर निकलवाया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से सबूत इकट्ठा कराए गए।

---

# पुलिस ने स्कूली विद्यार्थियों को नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

- श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक करते नशा मुक्ति टीम प्रभारी एसआई दीपक कुमार। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हांसी पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।

नशा मुक्ति टीम इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और हम सब भी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशा मुक्त प्रदेश बने। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। इसलिए हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। पुलिस नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका इलाज भी उन्होने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है जिससे हम अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।

### 41.12 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने गांव पीरावाली पुल के पास से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 41.12 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस टीम प्रभारी एएसआई रविन्द्र कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर क्षेत्र में घूम रहा है।

जब पुलिस टीम गांव पीरावाली पुल के पास पहुंची तो एक व्यक्ति टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे तुरंत काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान न्योली कलां निवासी प्रदीप उर्फ बिंदू के रूप में हुई। तलाशी लेने पर प्रदीप उर्फ बिंदू के कब्जे से एक पॉलिथीन थैली में 41.12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उस पर केस दर्ज करके उसे उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# कन्या विद्या निकेतन विद्यालय खांडा खेड़ी के छात्र ओलम्पियाड में छाए

- इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिन्धु ने दी विद्यार्थियों को बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद





नारनौंद। विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर।

ग्रामीण आंचल के छात्रों में प्रतिभागी कोई कमी नहीं होती बस जरूरत है उनको निखारने की। इसी कड़ी में परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी के छात्रों ने इतिहास रचते हुए स्कूल की छात्रा वंशिका पुत्री मंदीप सिन्धु ने आईएचओ में जोनल रैंक छह और इंटरनेशनल रैंक सात प्राप्त किया है।

प्रीति ने भी आईसीएसओ में छह एवं इंटरनेशनल रैंक सात प्राप्त किया है। विहान ने पांच प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि पर इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिन्धु, निदेशक सुभाष श्योराण और ग्रुप संयोजक प्रवीन परूथी ने कैम्पस प्रशासक मंदीप सिन्धु, विद्यालय प्राचार्य अमित गौड़ को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ग्रामीण आंचल की प्रतिभाओं को निखारने के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय के प्राचार्य अमित गौड़ ने कहा कि हम शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वचनबद्ध हैं। भविष्य में भी शिक्षार्थी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करते रहेंगे।

---

### भाटला पुलिस चौकी में किया पौधरोपण

**हांसी।** पर्यावरण संरक्षण के लिए हांसी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान भाटला पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने स्टाफ सहित चौकी परिसर में पौधारोपण किया। यह जानकारी देते हुए पुलिस चौकी भाटला प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। पौधे हमें केवल ऑक्सीजन ही प्रदान नहीं करते हैं, बल्कि भूमि की उर्वरता बनाए रखते हैं, तापमान नियंत्रित करते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित करने में भी सहायक हैं।

जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय वृक्षारोपण है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। यह न केवल हमारी वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य उपहार होगा।



हांसी। भाटला पुलिस चौकी में पौधरोपण करते चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार व अन्य पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# न्याय महासम्मेलन को कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भागीदारी करें : घोडेला

- पूर्व विधायक रामनिवास ने केंद्र सरकार की तर्ज पर नौकरी में आरक्षण देने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पत्रकारों को जानकारी देते पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला।

कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व के भागीदारी न्याय महासम्मेलन के प्रति कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इसकी तैयारियों के लिए कांग्रेस जिला मुख्यालय कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित की गई।

पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महासम्मेलन की तैयारियों और रणनीति पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर घोड़ेला ने कहा कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को होने वाले न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओबीसी के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि न्याय महासम्मेलन में कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। रामनिवास घोड़ेला ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि प्रदेश में बीसी ए और बीसी बी कैटेगरी की ग्रुप ए और बी की नौकरियों में जो आरक्षण 11 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत का प्रावधान है उसे बढ़ाकर केंद्र सरकार की तर्ज पर 16 प्रतिशत एवं 11 प्रतिशत किया जाए।

### कैडेट्स को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



हिसार। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स।

**हिसार।** हरियाणा आरएंडवी एनसीसी स्क्वाड्रन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैम्प कमांडन्ट मेजर अनुराग शर्मा के मार्गदर्शन में लुवास में चल रहा है। एनसीसी की यूनिट से कुल 176 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप में साइबर सेल की तरफ से प्रज्ञा कौशिक ने एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराध के बारे मे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस तरह साइबर अपराधी नकली वेबसाइट बनाकर आमजन को टारगेट करते हैं व लोगों को नोटिस भेजकर उनको डराते-धमकाते है व उनसे ठगी का प्रयास करते हैं। साइबर ठगों द्वारा बिजली बिल व मोबाइल बिल का भुगतान करने बारे मैसेज में लिंक भेजा जाता है। इस प्रकार के लिंकों पर कभी भी क्लिक ना करें। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से आए एएसआई कमल सिंह ने एनसीसी कैडेट्स यातायात नियमों के बारे मे जागरूक किया।

---

### संयुक्त किसान मोर्चा का ट्रैक्टर मार्च 13 को

**हांसी।** संयुक्त किसान मोर्चा आने वाली 13 अगस्त को पूरे देश में कॉरपोरेट्स भारत छोड़ों दिवस संगठित करेगा। उस दिन ट्रैक्टर मार्च किए जाएंगे और ट्रंप और मोदी के पुतले फूंके जाएंगे। यह जानकारी देते हुए मोर्चा व ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान ने बताया कि 15 अगस्त से 25 नवंबर तक कृषि व किसान खेत मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। 26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में प्रतिवाद संगठित किया जाएगा। यह सभी निर्णय दिल्ली में सम्पन्न हुई एसकेएम की राष्ट्रीय मीटिंग में लिए गए उन्होंने बताया कि मोर्चा के फैसलों को हरियाणा में सफल बनाने के लिए 25 जुलाई को रोहतक में राज्य स्तरीय बैठक बुलाई गई है जिसमें जिला नूंह में रोजका मेव आईएमटी के 9 गांवों के उत्पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने, उनका बकाया मुआवजा दिलाने और उन पर बनाए गए तमाम पुलिस केस रद्द कराने के मुद्दे पर प्रमुखता से विचार किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## शोध, प्रशिक्षण और आदान-प्रदान को मिलेगा बढ़ावा : कुलपति

# लुवास और सोकोइन यूनिवर्सिटी के बीच ओएमयू

- यह साझेदारी व्यापारिक और तकनीकी संबंधों का भी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते लुवास के कुलपति डॉ. नरेश जिंदल व अन्य।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) ने सोकोइन यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर (एसयूए) मोरोगोरो, तंजानिया के साथ शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग के लिए एक शैक्षणिक समझौता किया है। यह समझौता शोध, प्रशिक्षण और छात्रों व शिक्षकों के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा।

लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह साझेदारी केवल शैक्षणिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हरियाणा सरकार की पहल पर तंजानिया के साथ स्थापित हो रहे व्यापक व्यापारिक और तकनीकी संबंधों का भी हिस्सा है। तंजानिया के लिए एक व्यावसायिक सहयोग यात्रा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा के नीति निर्माता, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमियों आदि का एक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।कुलपति ने बताया कि इस समझौते से लुवास शीघ्र ही तंजानिया के छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अंतर्गत, तंजानिया के पीएचडी छात्र और संकाय सदस्य लुवास में आकर आधुनिक पशु चिकित्सा तकनीकों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, वहीं लुवास के विशेषज्ञ तंजानिया जाकर वहां के पशुपालन समुदाय के साथ तकनीकी ज्ञान और अनुभव साझा करेंगे। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के पशु चिकित्सा विशेषज्ञों को उन्नत तकनीकों में दक्ष बनाना है।

### नए कैंपस में फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में

कुलपति डॉ. जिंदल ने बताया कि लुवास के नए कैंपस में सभी कार्यालय एडमिन ब्लॉक में शिफ्ट हो चुके हैं। लड़के तथा लड़कियां के छात्रावास, डेयरी कॉलेज, अधिकारियों व कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्र का कार्य लगभग 95 फीसद पूरा हो चुका है, फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि सितंबर के अंत या फिर अक्टूबर में उक्त सभी बिल्डिंग लुवास को हैंडओवर कर दी जाएंगी।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar